Discovery of the cancer medicine by the Indian Doctor

3695. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that two Indian Scientists, Prof. Shiva Shankar Trivedi (Director of D. S. Research, Purnea and Dr. Uma Shankar Tiwari) have discovered a medicine "AMBROSIA SARVAPISTI" admixture of 1500 nutrients that cures cancer in five months; and

(b) if so, what are the details in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a) and (b) The Central Council for Research in Ayurveda and Siddha have informed that Prof. Shiva Shankar Trivedi of Purnea and Dr. Uma Shankar Tiwari claim to have "Ambrosia Sarvapisti" for the treatment of cancer. The claim is yet to be tested as the ingredients of the drug have not been disclosed so far.

Alleged hoisting of National Flag by Foreigners in Central Hindu School, Varanasi

3696. SHRI RAM NARESH GUSHAWAHA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Indian National Flag was hoised at the Central Hindu School, Varanasi on the 26th January, 1986 by certain foreigners;

(b) if so, what are the details thereof stating the reasons for hoisting the National Flag by a foreign and the capacity in which he hoisted the flag; and

(c) what action has been taken by Government in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) to (c) The information is being colected and will be laid on on the Table of the Sabha.

बिहार में विभागेतर कर्मचारी

3697. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में मुंगेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विभागेतर डाक और तारघरों तथा विभागीय डाकघरों की संख्या कितनी है और उनमें कितने कर्मचारी काम कर रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि गांव वासियों को विभागेतर डाक और तार घर चलाने के लिए अपने मकान निःशुल्क देने पड़ते हैं और उन्हें उनके लिए कोई किराया अदा नहीं किया जाता है और इसके अतिरिक्त इन मकानों की सफाई बिजली एवं मरम्मत की कोई सुविधायें प्रदान नहीं की जाती हैं तथा विभागेतर डाकपाल को दिया जाने वाला वेतन बंधुआ मजदूर के वेतन से कम भी है जबकि उसकी जिम्मेदारियां उसके विभागीय साथी के समान हैं ;

(ग) मुंगेर जिले में विभागीय डाक घरों के किराये, मरम्मत, सफाई, बिजली आदि पर प्रति वर्ष कितनी धनराशि खर्च की जाती है ; और

(घ) सरकार विभागेतर कर्मचारियों की विभागीय कर्मचारी में कब तक परिवर्तित करने का विचार रखती है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान मुंगेर जिले में कितने डाक पाल स्थायी किए गए हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) जानकारी एकत्र की जा रही है तथा इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

(ख) अतिरिक्त विभागीय उप और शाखा पोस्टमास्टरों की नियुक्ति के लिए यह एक शर्त है कि उन्हें डाक संबंधी कार्य के लिए स्थान की व्यवस्था करनी होगी ; वे कार्यालय अनुरक्षण भत्ते के हकदार होते हैं । उनका अपना स्थान होने के नाते, ये एंजेंट उसे स्थान से अपने स्तर तथा क्षमता के अनुसार रखते हैं ।

विभागीय कर्मचारियों के विपरीत अतिरिक्त विभागीय एजेंटों के पास आजीविका के संसाधन तथा व्यवसाय होते है । डाक का कार्य उनके लिए अंशकालिक तथा आय का पूरक संसाधन है । एक जनवरी, 1986 से अतिरिक्त विभागीय एजेंटों की परिलब्धियां में वृद्धि कर दी गई है । विभागीय कर्मचारियों की भांति उन्हें भी मंहगाई भत्ते के भुगतान की अनुमति प्रदान की गई है ।

(ग) जानकारी एकत्र की जा रही है तथा इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा

(घ) अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को विभागीय कर्मचारी बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है । न ही उन्हें स्थाई किये जाने की कोई धारणा ही लागू होती है । अतिरिक्त विभागीय एजेंटों को समान्यतया 65 वर्ष तक की आयु तक सेवा में रखा जाता है ।

सोन-भद्र ट्रेन से वातानुकूलित डिब्बे का हटाया जाना

3698. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जब सोन-भद्र एक्सप्रेस पूर्वी रेल के अधीन लूप लाइन पर चलती थी तो उसमें पटना से आगे भागलपुर तक एक वातानुकूलित डिब्बा जोड़ा जाता था ;

(ख) विक्रम शिला ट्रेन में ऐसा डिब्बा न जोड़ जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या पटना से भागलपुर तक सभी प्रकार के यात्री, सरकारी अधिकारी, रेल अधिकारी, संसद सदस्य और विधान सभा सदस्य यात्रा करते हैं, यदि हां, तो उन्हें वातानुकूलित डिब्बा उपलब्ध करने में भेदभाव किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(घ) यह वातानुकूलित डिब्बा, जो वहां बेकार खड़ा रहता है, विक्रम शिला एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस के साथ कब तक जोड़ दिया जाएगा और ऐसा करके मगध एक्सप्रेस द्वारा यात्रा करने वाले यात्रियों को अन्य सुविधायें भी उपलब्ध कर दी जायेंगी ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां । केवल पटना तक ।

(ख) और (ग) वातानुकूलित सवारी डिब्बों की कमी और भागलपुर में अनुरक्षण सुविधाओं का अभाव ।

(घ) यह सवारी-डिब्बा पटना में अनुरक्षण सम्बन्धी प्रयोजनों से रूका रहता है ।

Cold drinks served on Railway Stations and Railways

3699. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the cold drinks from Parle Group are banned on Indian Railways and Railway Stations;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) what are the guidelines decided by Indian Railways in allowing the sale of soft drinks on Railway Stations and Railways;

(d) what are the names of the Soft Drink Groups or Companies which fit in the guidelines; and

(e) if the answer to part (c) above be in the negative, what is the criteria for taking such a decision?